**खबर संक्षेप**

### मांझी समुदाय की बैठक का महाराजपुर में हुआ आयोजन



**मण्डला।** मध्यप्रदेश माझी जन जाति संयुक्त संघर्ष समिति भोपाल हाई कमान के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश माझी जन जाति संयुक्त संघर्ष समिति मंडला जिलाध्यक्ष श्री श्रीलाल नन्दा के नेतृत्व में जिला स्तरीय बैठक मंडलेश्वर मंदिर ज्वाला जी वार्ड निषाद राज भवन महाराजपुर मंडला में 28/12/2025 आयोजित की गई जिसमें जिले के सभी विकास खण्डों से प्रांतीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, स्वजातीय बंधुओं की उपस्थित में माझी समुदाय सरकार से अपने संवैधानिक अधिकार की मांग को लेकर आने वाली पीढ़ी के लिए, संगठित होकर अब गांव गांव जाकर जागरूक करने का संकल्प लिया है इस प्रकार समाज की बैठक संपन्न हुई।

### पूर्व पार्षद प्रमोद सोनी का दुखद निधन



**नैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद प्रमोद सोनी का 54 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया कुछ दिन पहले अचानक से ब्लड प्रेशर बढ़ने से उनकी तबियत खराब हुई थी स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद उन्हें नागपुर ले जाया गया था। दो दिन से अपने घर नैनपुर में ही थे सोमवार की रात 12 बजे तबियत बिगड़ने से सिविल अस्पताल नैनपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

### सोनी दादा का हुआ निधन




**भुआबिछिया।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक संतोष सोनी, संदीप (पप्पू) सोनी के पिता रमेश सोनी (सोनी दादा) का कल रात्रि में निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा में नगर के लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**संख्या कम बताकर गौवंश को विस्थापित करने का षड़यंत्र**

# व्यवस्था सुधार में शासन-प्रशासन रहा नाकाम

*** समस्या के समाधान के बदले गौशाला में ही जड़ दिया ताला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



जनपद अंतर्गत बिझोली ग्राम स्थित गौशाला में इसी महीने चारे पानी के अभाव में पाँच मवेशियों की मौत हो गई थी, जिससे नाराज गोप्रेमियों व ग्रामवासियों ने 12 दिसंबर को चक्काजाम कर दिया था, मौके पर पहुँचे प्रशासनिक अधिकारियों ने आंदोलनकारियों की मांग पर पंचायत सचिव व जीआरएस का ट्रांसफर करने के वादे पर जाम खुलवाया था।

लेकिन अब प्रशासन जनता की मांग के विरुद्ध जाकर न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी, वाली लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुये उक्त गौशाला के लगभग 35 गौवंशो को अन्य गौशाला में भिजवाकर भवन में ही ताला जड़ दिया।

### जिस दिन आंदोलन उसी दिन गौशाला से गौवंश विस्थापन का आदेश

गौशाला में उपजी अव्यवस्था से मृत हो रहे गौवंश की घटना पर आंदोलित ग्रामीणों द्वारा की गई मांग और पंचायत सचिव व जीआरएस पर लगाये गये गंभीर शिकायतों को दरकिनार कर अधिकारी बिना जांच पड़ताल के उसी दिनाँक पंचायत को एक आदेश यह कहते हुये जारी कर दिया कि पिछले तीन माह में निर्धारित गौवंश की संख्या न होने से यहाँ के सभी गोवंशों को नजदीकी गौशाला में भेजने की अनुमति ग्राम पंचायत को दी जा रही है, जिसका पालन कर पंचायत के जिम्मेदारों ने जैसे गले पड़े साँप से मुक्ति पा ली हो और किसी वाहन से नारायणगंज जनपद अंतर्गत सिवनी माल पंचायत गौशाला में भेज दिया, ऐसे में बड़ा सवाल यह कि जिम्मेदार अधिकारियों ने यह कदम पहले क्यों नहीं उठाया जिससे कारण आंदोलनकारी ग्रामीणों को चक्काजाम करना पड़ा।




### तीन माह में निर्धारित गौवंश की संख्या कम कहना हास्यास्पद

किसी गौशाला में कितने अनाथ गौवंश होंगे तब गौशाला का संचालन होता रहेगा, इसका स्पष्ट उल्लेख जनपद अधिकारी कार्यालय निवास से जारी आदेश पत्र क्रमांक- जप/2025/5772 में नहीं है। वहीं तीन माह से निर्धारित गोवंश संख्या कम होने का हवाला देकर सभी गौवंश को अन्य गौशाला में विस्थापित करना ग्रामवासियों को समझ से परे लग रहा है, जबकि इतने ही गौवंश की उक्त गौशाला में सालों से सेवा होती चली आ रही थी।

### रख रखाव के अभाव में करोड़ों की गौशाला हो जायेगी बर्बाद

जिले के बीहड़ देहात व आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में उक्त गौशालाएं व्यवस्थित संचालित हो रहीं हैं तब सामान्य वर्ग बाहुल्य पंचायत में यह गौशाला दुर्दशा का शिकार क्यों हुई, जबकि देश प्रदेश की सत्ता फतह करने राजनेताओं के भाषणों में विकास के तमाम वादों के अलावा गौ संरक्षण से संबंधित कार्य भी प्राथमिकता से रहा है और है लेकिन ग्राम पंचायत अमगवां के बिझोली ग्राम में नदी किनारे बने इस शानदार गौशाला भवन को गौ विहीन कर देने से यह अनुपयोगी हो गया है, जो रखरखाव के अभाव में कुछ सालों में खंडहर में तब्दील हो जायेगा।

**इनका कहना है:-**

*शासन और जिम्मेदार अधिकारी भेजे गये गौवंशों की उचित देखभाल करे वैसे बिझोली की गोशाला में ही व्यवस्थित संचालन करना ठीक होता।*

***-चैनसिंह बरकड़े, (कांग्रेस विधायक निवास)***

## श्रीमती चउदा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

सरस्वती शिशु हाई स्कूल में पदस्थ दीदी श्रीमती सविता अरुण चउदा की आज कार्यकाल समाप्त होने पर विद्यालय ने उनके सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सर्वप्रथम माँ सरस्वती माता की पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात सविता दीदी का विद्यालय व जगमण्डल बाल कल्याण समिति ने उनका स्वागत किया विद्यालय के भैया बहनों ने सविता दीदी द्वारा दी गई शिक्षा संस्कार, प्यार, उनके त्याग और संघर्ष को अपने भाषण और गीत के माध्यम से सविता दीदी पर पुष्प वर्षा कर उन्हें उन्हें नव जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की गयी। सेवा निवृत्त पर सम्मान पर श्रीमती सविता अरुण चउदा दीदी ने सभी का शुक्रिया अदा किया और उनकी बेटी सौम्या चउदा ने अपनी माँ की महानता का अपनी कविता के माध्यम से उल्लेख किया कार्यक्रम में जगमंडल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, व्यवस्थापक आर आर परस्ते, जिला सचिव किशोरी साहू, अरुण मिश्रा, उदय उयके कोषाध्यक्ष अशोक नानकानी, गोपाल राजपूत श्रीमती शशि लता मिश्रा, रागिनी राजपूत, श्वेता अहिरवार ,आर्या चउदा, सोनू चउदा, संतोष पाण्डेय प्रहलाद मरकाम आकाश चौरसिया , सीमा यादव शकुन्तला सोनी, अनुसुइया यादव आदि उपस्थित रहे।

### अतिथि शिक्षक करने जा रहे आमरण अनशन

**मण्डला।** मण्डला जिले के अतिथि शिक्षक भी सत्रह वर्षो से लंबित नियमितीकरण की मांग को लेकर अब आमरण अनशन पर जाने का मन बना लिए हैं। अतिथि शिक्षक परिवार मण्डला जिला अध्यक्ष पी.डी.खैरवार ने बताया है,कि प्रांतीय आह्वान पर जिले के अतिथि शिक्षक 2 जनवरी से जिला मुख्यालय में आमरण अनशन पर बैठेंगे। नियमितीकरण की लंबित मांग पर सरकार जब तक फैसला नहीं लेगी अनशन जारी रहेगा। जिले के ऐसे महिला पुरुष अतिथि शिक्षक जिनको काम से बाहर कर दिया गया है और जो वर्तमान में भी कार्यरत हैं,सभी को अधिक से अधिक संख्या बल के साथ शुक्रवार 2 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट रोड बिलीवर्स चर्च के सामने उपस्थित होने की अपील की गई है। शासन-प्रशासन सहित जिले के आम जनमानस, राजनीतिक पार्टियों, सामाजिक संगठनों और मीडिया के बंधु बांधवों से यथा संभव मदद की अपेक्षा की गई है।

## शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में विद्यालयीन खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में दिनाँक 29 दिसम्बर एवं 30 दिसम्बर को अध्ययनरत विद्यार्थियों में शारीरिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य, टीम वर्क और सहयोग, समय प्रबंधन, अनुशासन, खेल भावना, नेतृत्व क्षमता का विकास और प्रतिभा की पहचान के उद्देश्य को लेकर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन व खेल मैदान के भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। शिक्षक राकेश नामदेव द्वारा खेलों की आवश्यकता व महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़,बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, संतुलन दौड़, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, गोला फेंक, तवा फेंक, पिट्टू आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में शाला के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत माँझीपुर के सरपंच दीप सिंह मरावी,उपसरपंच नरेश सार्वे, शिक्षा समिति के अध्यक्ष विष्णु मरावी की उपस्थिति में हुआ। माँ सरस्वती के पूजन उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं इनाम वितरण किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को शाबाशी एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर खेल हमेशा खेल भावना से खेलते हुये जीवन मे आगे बढ़ने का प्रयास करें। वक्ताओं ने विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई इस प्रतियोगिता की सराहना कर विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। पूरी प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक भुवन लाल श्रीवास, अंजुला पटेल, कृष्णा धुर्वे, प्रखर पटेल, रजनी झा ने सहयोग के साथ-साथ निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में शाला के छात्र रूपांजल श्रीवास सभी खेलों का आंखों देखा हाल सुनाते रहे। समापन अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कविता विश्वकर्मा ने सभी छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाइयाँ दीं और उपस्थित सभी अतिथियों का विद्यालय की ओर से आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश नामदेव ने किया।

## शासकीय कन्या शाला भड़ंगा में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय कन्या उमावि भुआ बिछिया में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की भावपूर्ण एवं सराहनीय प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनकी उपस्थितजनों ने भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी जी एवं पार्षद श्रीमती पूनम रजक उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा एवं खेल के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

वार्षिक उत्सव के साथ आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताएं खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, पिट्टू ,दौड़ एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे पी.टी.आई. श्रीमती लक्ष्मी तेकाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य वीरेन्द्र परतेती द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती श्वेता वरकड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर आसपास के विद्यालयों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण क्रियान्वयन श्रीमती अर्चना उइके एवं अंकित पटैल के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

**समस्या** | **अपनों की तो खरीदी जा रही गुणवत्ताहीन धान भी।**

# बिना चढ़ोत्तरी नहीं तुल रही किसानों की धान





*** भुगतान का भी दिखाया जा रहा डर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एक तो इस वर्ष वैसे भी धान खरीदी विलम्ब से प्रारंभ हुई अब जैसे-तैसे किसान अपनी उपज लेकर धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचता है तो उसे दुनिया भर के डर दिखाये जाते हैं कहीं उसकी धान गीली बताई जाती है तो कहीं छन्ना लगाकर लाने की बात कही जाती है तो कहीं पंखा चलाने को कहा जाता है और कहीं उसे इंतजार करने पर विवश किया जाता है। इन सभी हथकंडो से किसान इतना ज्यादा परेशान हो जाता है कि वह उपार्जन केन्द्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की हर उस मांग को पूरा करने तैयार हो जाता है जिसके लिये यह सारा दबाव बनाया जाता है।

जैसे ही किसान तैयार हुआ कि उसकी धान कैसी भी हो तुरंत तौल दी जाती है और तो और ढेर लगाना भी कहीं-कहीं आवश्यक नहीं समझा जाता और तुलाई के बाद तुरंत एन्ट्री और फिर भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है।

यह पूरा खेल चल रहा है 15 से 25 रूपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त सुविधा शुल्क का। यह ऊपर का पैसा सीधे-सीधे खरीदी केन्द्र प्रभारी या कम्प्यूटर ऑपरेटर की जेब में जा रहा है और इसका परिणाम शासन को भुगतना पड़ रहा है जब गुणवत्ताहीन धान वेयरहाऊस पहुंचाई जा रही है यही कारण है कि वेयरहाऊस के अधिकारी, कर्मचारी इस समय अत्याधिक संजीदा है और वे जांच परखकर ही धान गोदाम में रखवा रहे है लेकिन इसमें व्यवहारिक कठिनाई भी है इतनी बड़ी मात्रा में रोजाना पहुंच रही धान की गुणवत्ता कैसे जांची जा सकती है और यही वह कारण है कि जिसका फायदा उपार्जन केन्द्र के लोग उठा रहे हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों के दौरे भी इन प्रभारियों से छुपे नहीं होते जैसे ही अधिकारी किसी उपार्जन केन्द्र में जाने वाले होते हैं उसकी खबर केन्द्र वालों को पहले ही मिल जाती है और यह खबर भी विभाग से संबंधित लोग ही इन तक पहुंचाते हैं और इन्हीं सब बातों को लेकर जिला पंचायत की सदस्या लगातार विरोध करती रहीं हैं वे चाहती हैं कि किसानों की उपज ईमानदारी के साथ खरीदी जाये उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाये और उन्हें अनावश्यक इंतजार न कराया जाये और ऊपर से जो राशि प्रति क्विंटल जबरन दबाव बनाकर ली जा रही है उस पर रोक लगाई जाये।

**युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन की सशक्त पहल**



*** महा रोजगार मेला 2026 का मंत्री श्रीमती उइके एवं प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने किया विमोचन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में मेगा जॉब फेयर-2026 के पोस्टर का विमोचन जिला योजना भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके एवं प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री एवं जिले प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में मेगा जॉब फेयर-2026 का आयोजन 20 जनवरी 2026 को ऑडिटोरियम हॉल, रानी दुर्गावती कॉलेज मंडला में किया जाएगा। इस रोजगार मेले में जिले एवं प्रदेश की निजी, शासकीय एवं एमएसएमई इकाइयों की सहभागिता रहेगी, जिससे युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति- बिछिया जिला- मंडला (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/निरी./2025-26/470 — बिछिया दिनांक 30/12/2025

**नीलामी इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला द्वारा बिना मंडी फीस का भुगतान किये हुए अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे लगभग 350 क्विंटल (अनुमानित) मूंगफली दाना को जप्त कर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधान के अंतर्गत मंडी समिति के पक्ष में राजसात किया गया है, राजसात की गई उक्त मूंगफली दाना की नीलामी दिनांक 13/01/2026 समय प्रात: 11.00 बजे कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला (म.प्र.) में की जायेगी बोली में म.प्र. राज्य के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी भाग ले सकते है ।

| क्र. | अधिसूचित कृषि जिंस का नाम | अनुमानित मात्रा (क्विंटल में) | न्यूनतम शासकीय बोली प्रति क्विंटल | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मूंगफली दाना | 350 | 7263 | 50000 |

**शर्ते** - (1)- नीलामी प्रारंभ होने के पूर्व धरोहर राशि 50000/- (अंकन पचास हजार रुपए) नगद / बैंक ड्राफ्ट सचिव कृषि उपज मंडी समिति बिछिया जिला मंडला के नाम देय जमा करना अनिवार्य होगा तभी नीलामी में भाग ले सकते हैं। (2)- नीलामी में भाग लेने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को लिखित आवेदन पत्र के साथ अपना जीवित लायसेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पेनकार्ड संबंधित क्षेत्र के मंडी सचिव से छायाप्रति सत्यापित कराकर बोली के पूर्व मंडी कार्यालय बिछिया में जमा करना अनिवार्य होगा। (3) अधिकतम बोली लगाने वाले बोलीकर्ता को 03 दिवस के अंदर पूर्ण राशि मंडी कार्यालय बिछिया में जमा होने के उपरान्त ही कृषि उपज का उठाव किया जा सकेगा निर्धारित अवधि तक राशि जमा न करने पर धरोहर राशि जप्त कर नीलामी निरस्त कर दी जावेगी। (4) किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में मंडी समिति बिछिया का निर्णय अंतिम होगा जो सभी को मान्य होगा।

भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति- बिछिया, जिला- मंडला

सचिव, कृषि उपज मंडी समिति - बिछिया, जिला- मंडला

# तेंदूखेड़ा बाघाकुडी मार्ग की सीतारेवा नदी पर बना हुआ पुल लगातार नीचे ही नीचे होता जा रहा है खोखला..., ध्यान नहीं दिये जाने के चलते बन सकता है किसी दिन बड़ी घटना का कारण...?







हरिभूमि न्यूज/चीचली।

अक्सर देखा जाता है कि जब क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है उसके बाद अधिकारियों से लेकर अन्य जिम्मेदारों द्वारा लोगों की मदद के लिये अनेक बादे किये जाने लगते है। मगर समय रहते हुये सचेत हो जाया जावे तो इस प्रकार से घटित होने वाली घटनाओं को रोका भी जा सकता है? पूर्व में घटित हुई घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निश्चित ही वह प्रशासनिक अधिकारियों व जिम्मेदारों द्वारा बरती जाने वाली उदासीनता का ही परिणाम सामने आने से नही चूक पाये है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय चीचली जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा से बाघाकुडी जाने वाले मार्ग पर देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हुये पुल को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उदासीनता का रवैया अपनाया जा रहा है। उसके चलते ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो..? सूत्रों की जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम तेंदूखेड़ा से बाघाकुडी की ओर जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुछ वर्ष पहले बने हुये इस मार्ग पर ग्राम तेंदूखेड़ा व रातीकरार के बीच पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर बने हुये रिपटानुमा पुल की स्थिति जर्जर होन जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इसे जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते प्रतिदिन इस पुल के ऊपर से जहां भारी भरकम बडे वाहन धडल्ले से दौड़ते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है, जिसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? बताया जाता है कुछ साल पहले जब तेंदूखेड़ा व रातीकरार के बीच पड़ने वाली सीतारेवा नदी पर पुल का निर्माण हुआ था जिसकी गुणवत्ता को लेकर शुरू से ही सबाल उठ रहे थें। मगर बीते हुये कुछ साल पहले सीतारेवा नदी में आई हुई बाढ़ के दौरान इस पुल पर दरार निकल आने के कारण पुल जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। इस सच्चाई को हरिभूमि द्वारा उस दौरान प्रमुखता के साथ से उजागर किये जाने के साथ साथ अधिकारियों को भी इस सच्चाई से अवगत कराया गया था। मगर शायद इस सच्चाई को अधिकारियों द्वारा गंभीरता से नही लिया गया होगा जिसका परिणाम कुछ वर्षो से यह पुल जर्जर स्थिति में होने के बाद भी नजर अंदाज किये जाने से बड़ी घटना को आंमत्रण देते हुये भगवान भरोसे चलते हुये देखा जा रहा है? बताया जाता है कि इस पुल का नीचे का भाग लगातार नदी के पानी के बाहव में कटते हुये खोखला होता चला जा रहा है..? इस प्रकार से पुल का काफी भाग नदी में बह जाने के बाद अब पुल की स्थिति इस प्रकार से दिखाई देने लगी है कि भगवान भरोसे रहते हुये कभी भी पूर्णरूप से धराशायी होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन जहां अनेक प्रकार के वाहनों को निकलते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग के लोग भी इसी पुल के ऊपर से प्रतिदिन निकलना होता है। इस तरह बरती जा रही उदासीनता के चलते निश्चित ही यह पुल किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनते हुये क्षेत्रवासियों की जान को खतरा में डालने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से पुल के नीचे से लगातार पानी के बहाव में टूट रहे हिस्से के चलते पुल निर्माण में अपनाई गई गुडवत्ता की सच्चाई भी उजागर होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि पुल के नीचे से निकल रही गिट्टी इस बात को उजागर करने कोई कसर नही छोड़ रही है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इस पुल के निर्माण में मशीन से टूटी हुई काली गिट्टी की जगह इसी नदी की गोल वाली गिट्टी का उपयोग करते हुये निर्माण किया गया होगा और शायद इसी का परिणाम है कि इस पुल के टूटने की शुरूआत हो गई है तथा पुल का टूटता हुआ भाग अपने निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने लगा है? जबकि हरिभूमि द्वारा पुल के निर्माण के दौरान जिस प्रकार से निर्माण करने वाली एजेन्सी द्वारा निर्माण कार्य में जो गुणवत्ता अपनाई जा रही थी उसे लगातार उजागर किया गया था। मगर उस समय प्रधानमंत्री सड़क से जुडे हुये अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते ध्यान नही दिया गया जिसका परिणाम है यह पुल अपनी जिन्दगी की अंतिम सांसे गिनते हुये दिखाई देते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस तरह से पुल के निचले भाग से निकल रही गोल गिट्टी इस सच्चाई उजागर कर रही है कि वह गिट्टी इसी नदी से उठाई गई है तो इस बात को लेकर वन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध बनने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि नदी का य ह भाग व न




विभाग क्षेत्र में आता है और जब इस पुल का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा यदि इसी नदी से गिट्टी उठाते हुये उपयोग की गई थी तो फिर वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नही की गई थी। खैर इस सच्चाई को तो काफी समय बीत चुका है? मगर वर्तमान समय में जिस प्रकार से सीतारेवा नदी पर बना हुआ यह पुल लगातार जर्जर स्थिति में पहुंच जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये उसे पर से निकलने वाले वाहनों की आवाजाही पर रोक नही लगा रहा है उससे क्षेत्रवासियों की जिन्दगी को जरूर वर्तमान समय में खतरा पैदा होते हुये दिखाई देने से नही बच पा रहा है? इस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बरती जा रही उदासीनता से यह अनुमान लगते हुये जान पड़ रहा है कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ही क्षेत्र में कोई बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो..?

## खबर संक्षेप

### दूषित फल, सब्जियों से फैल सकती है बीमारियां



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। वर्तमान में चल रहे मौसम के मिजाज में परिवर्तन आने की वजह से आमजन सर्दी जुखाम के आलवा मलेरिया, वायरल फीवर, जोड़ो मे दर्द की बीमारियों की चपेट में शहरवासी आ रहे है। बावजूद इसके शहर की सफाई व्यवस्था की स्थिति जहां गफलत बाजी की भेंट चढ़ते हुये नजर आ रही है। वही बाजार में धड़ल्ले से दूषित फल और सब्जियां भी बेची जा रही है? बताया जाता है इस मौसूम अनुकूल न होने से आसपास के गांवों मे सब्जियो का उत्पादन ज्यादा न होने से अन्य शहरों से जो सब्जियां बाजार में बिकने आ रही है उनका रूप रंग तो आकर्षित रहता है, इसके अलावा फलों को भी अस्वाभाविक तरीके से पकाकर बेचा जा रहा है। शहर के चिकित्सकों का कहना है कि दूषित पानी के साथ सडी गली सब्जियां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है तथा सब्जी व फलों को आकर्षित बनाने वाले रंगों के उपयोग से बहुत सी बीमारियां फैलने की सम्भावना बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि इस सच को जानते हुए कि नगर में दूषित फल, सब्जियों का विक्रय हो रहा है, मगर इसके बाद भी संबांधित विभाग पूर्ण रूप से जिस प्रकार से मौन साधे हुये वह चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है।

### बेनूर हो रही शहीद नगरी की बाबड़ी

हरिभूमि न्यूज/चीचली। स्वतंत्रता संग्राम मे यहॉ के देशभक्त मंशाराम की शहादत, वर्तन उद्योग के अलावा चौगान के किले ने चीचली को समूचे देश मे पहचान दिलायी। गौड़ शासनकाल मे रानी दुर्गावती ने चीचली क्षेत्र मे अनेक मंदिरो, तालाबों का निर्माण कराया था, जो उपेक्षित होने के बावजूद अपना अस्तित्व बचाए हुए है। गौड़ साम्राज्य के स्मृति स्थलो की कड़ी मे राजमहल चीचली के सामने रानी दुर्गावती के परिवारजनों नें मजबूत आकर्षक बावड़ी का निर्माण कराया था जिसमे बहुत वर्षो तक पानी संरक्षित रहने के प्रमाण मिलते है, लेकिन विडम्बना की बात है कि प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यह बावड़ी बेनूर हो गयी है। सच्चाई पर नजर डाली जावे तो वर्षो की बरसात, ऑधियॉ सहने के बाद इसकी दीवारे क्षतिग्रस्त होती चली जा रही है और बाबड़ी के आस पास फैली गंदगी के बीच यह बावड़ी अपने शानदार अतीत पर ऑसू बहा रही है। गौरतलब है कि पुरा सम्पदर माने जाने वाली इस बाबड़ी की विशेषता का खास पहलू यह है कि उपेक्षित रहने के बाद भी अभी तक इसका अस्तित्व मिटा नही है और यदि शासन प्रशासन स्तर पर बावड़ी के सुधार की दिशा मे प्रयास किए जाएॅ तो इसका खोया गौरव फिर लौट सकता है।

### उम्र दराज पेड़ किसी दिन बड़ी घटना को दे सकते हैं अंजाम?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। पर्यावरण की रक्षा के मकसद से हालांकि प्रदेश सरकार, स्वयंसेवी संस्थाएं, समाज सेवी संस्थाओं द्वारा शहर में लगातार वृक्षा रोपण कराकर नगर की हरीतिया सलामत रखने की दिशा में निरंतर पहल कर रहे है, किन्तु इसके बाबजूद देखने में आ रहा है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली व्यस्ततम सड़कों के दोनों ओर जो पुराने पेड़ लगे है, जिसका परिणाम है कि ये पेड़ खोखले होते जा रहे है और उनकी शाखायें बोझिल हो गयी है और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हुए उनके गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि लोकनिर्माण विभाग के अधीन आने वाली स्टेशन से शहर व गाडरवारा से सांईखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क के किनारों पर आम और अन्य फलों के वृक्ष सीना तान खड़े है। बताया जाता है कि इनमें से अधिकांश वृक्ष उम्र दराज हो चुके है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि पूर्व वर्षो में उक्त सड़क के किनारे आम के वृक्षों की नीलामी की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जाती थी, किन्तु अब आम के वृक्षो के नीलामी का काम बंद हो गया है।

## परिवहन अनुमति की आड़ में ग्राम पंचायत देतपोन की शासकी भूमि पर खुलेआम हो रही मिट्टी का उत्खनन

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जब क्षेत्र में किसी के द्वारा अवैध रूप से कार्य को अंजाम दिया जाता है तो निश्चित तौर से यह सबाल खड़ा होने से नही चूकता है क आखिरकार किसका संरक्षण मिल रहा है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम पंचायत देतपोन शासकीय भूमि पर चल रही मिट्टी के खनन व परिवहन को देखते हुये जान पड़ रहा है..? बताया जाता है कि ग्राम पंचायत देतपोन की शासकीय भूमि पर परिवहन करने की अनुमति की आड़ में बडे स्तर पर शासकीय भूमि पर खनन हो रहा है..? इस संबंध में ग्रामीणों ने आरोप है कि मिट्टी खनन करने वालों के लिये बडे स्तर पर संरक्षण दिया जा रहा है इसी का परिणाम है कि शासकीय भूमि खनन माफियों के अंदर में होकर बर्बाद होने से नही चूक रही है और माफियों द्वारा अपनी जेबे भरी जा रही है...? खैर सच्चाई जो भी हो मगर जब शासकीय भूमि पर नियमों को ताक पर रखकर किये जा रहे मिट्टी के खनन को लेकर जानकारों का कहना है कि शासकीय भूमि पर



किसी भी प्रकार के खनन के लिए कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी से विधिवत अनुमति, खनन पट्टा, परमिट तथा रॉयल्टी जमा करना होता है जब कही अनुमति मिलती है। मगर यहां चल रहे मिट्टी क खनन पर संदेह व्यक्ति करते हुये लोगों द्वारा अवैध का आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध मे जब स्थानीय अधिकारियों को अवगत कराया तो उनका कहना था कि यह मामला माईनिंग विभाग से जुडा हुआ है उनसे ही चर्चा की जावे। क्योंकि यह जांच का वषय है। इस तरह स्थानीय अधिकारियों की बातो से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि उनकी जानकारी से यह मामला काफी दूर है..? इस तरह शासकीय भूमि पर चल रहे मिट्टी के खनन व परिवहन को लेकर ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर परिवहन अनुमति को तत्काल निरस्त किया जाए। वही दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो तथा शासकीय भूमि को अवैध उत्खनन व कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग की गई है।

## नये वर्ष की हुडदंग लीला पर अंकुश लगाने डीएसपी मिश्रा व टीआई रजक ने चप्पे चप्पे पर तैनात की अपनी टीम, मनमानी करने वालों को कराये जावेंगे कृष्ण जन्म स्थली के दर्शन







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कल गुरूवार से शुरू हो रहे नववर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में विशेष अभियान चलाते हुये आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई है। क्योंकि इस वर्ष नये साल की शुरूआत जिस तरह से गुरूवार का दिन यानि की भगवान विष्णुजी का प्रिय दिवस मना जाता है। इसी के चलते लक्ष्मी पति से लोगों द्वारा इस वर्ष माँ लक्ष्मी जी की कृपा की उम्मीद जताई जा रही है। वही दूसरी ओर नये वर्ष के चलते पुलिस द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था के सख्त प्रबंध करते हुये एक दिन पहले से ही जहां तहां पुलिस तैनात की गई है। वही इस दौरान शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वही दूसरी ओर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही का मन बनाया गया है। बताया जाता है कि नववर्ष के दौरान संचालित होने वाली गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए नगर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी साथ ही फिक्स प्वाइन्ट के साथ-साथ पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग भी की जा रही हे। नगर सहित क्षेत्र के अंतर्गत आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा का कहना है कि आमजनों की सुरक्षा को लेकर चाकचौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। वही नये वर्ष के दौरान पुलिस की शरारती तत्वों पर रहेगी पैनी नजर तो दूसरी ओर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध की जावेगी कठोर कार्यवाही। नशा कर वाहन न चलाएं-ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से की जावेगी सघन चेकिंग। इसके लिये नगर के प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर फिक्स प्वाइंट लगाए गए हैं तथा इनके साथ-साथ पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी शुरू कर दी गई है। वही नववर्ष आयोजनों को ध्यान में रखते हुए सभी धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों, गुरुद्वारों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर सघन जांच की जा रही है। वही दूसरी ओर कानून-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर व क्षेत्र के होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक आयोजित करते हुये उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है। शिष रूप से होटल एवं ढाबा परिसरों में अवैध गतिविधियों, नशा खोरी, अनैतिक कृत्यों एवं शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा गया है। सीसीटीवी कैमरे, आगंतुकों का संपूर्ण विवरण संधारण के साथ अपने प्रतिष्टान खोलने व बंद करने के लिये निर्धारित समय-सीमा का पालन करने के आदेश दिये गये है। वही कहा गया है कि नववर्ष के दौरान किसी भी आपात स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर डायल-112 एवं नजदीकी थाने पर तत्काल संपर्क करें। पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सेवा के लिए 24×7 तत्पर है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों इसी प्रकार से नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा बताया गया कि नया वर्ष मनाने के लिये किसी को मना नही है। मगर वह पूर्ण कायदे कानून में रहते हुये नये वर्ष की खुशियों में डूबे रहे। मगर उनकी खुशी किसी के लिये दुखदायी न बने। वही दूसरी ओर रात के समय किसी भी तरह की सड़को व अन्य जगहों पर हुडदंग लीला को स्वीकार नही किया जावेगा। गाडरवारा नगर में जिस तरह शांति प्रिय रहने वाले संस्कार बने हुये उन्हें कायम रखते हुये नया वर्ष मनाये। क्योंकि हुडदंग लीला मचाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही करने के लिये इस तरह के लोगों पर पैनी नजर रखे हुये है। वही दूसरी ओर सड़को पर शराब पीकर तेज गति में वाहन दौड़ाने के साथ साथ मोटर साईकिलों पर तीन सबारी बैठकर चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते हमारी टीम नगर में जगह जगह तैनात रहेगी इस तरह नियमों को उल्लघंन करने वालों को किसी भी स्थिति में छोड़ा नही जावेगा। इस तरह पुलिस द्वारा लगातार दी जा रही मझाईश के बाद भी यदि कोई नही मानता है तो उन्हें कृष्ण जन्म स्थली के दर्शन कराने के लिये पुलिस पीछे नही रहेगी।

## विशाल रामरोटी के दस वर्ष पूर्ण होने पर मनाया उत्सव, समाजसेवा की अनूठी पहल के चलते बधाई देने के लिये पहुंचे अनेक लोग





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा समाजसेवा के नाम पर जरा से फलों का वितरण करते हुये अखबारों की सुर्खियों में छाने की कोई कसर नही छोड़ते है। मगर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो समाज सेवा करते हुये कभी किसी भी प्रकार से लोगों की नजरों में आने व दिखावा करने का प्रयास न करते हुये वह सदा ही अपने काम को अजाम देने में लगे हुये दिखाई देते है। इस प्रकार के लोग बहुत ही कम देखने मिलते है जिन्हें इस प्रकार से समाज सेवा करने का जो जुनून सबार होता है और उसी के चलते वह अपने सभी कार्यो को छोड़ते हुये सिर्फ समाज सेवा को बगैर किसी दिखाबे के अजाम देने में लगे रहते है। इन्ही में शामिल है नगर ही निवासी विशाल सिंह ठाकुर जो प्रतिदिन भूखे बैठे हुये वृद्वजनों को बगैर किसी दिखावे व प्रदर्शन करते हुये भोजन पहुचते हुये देखे जाते है। बताया जाता है कि नगर की नगर पालिका में पदस्थ रहे व रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में निवास करने वाले विशाल सिंह ठाकुर बीते हुये 10 वर्षो से लगातार शाम के वक्त लोगों के घरों से एक एक दो दो रोटी एकत्र करते हुये रेल्वे स्टेशन पहुंचकर एकत्र किये गये भोजन के बंडल बनाने के बाद उन भूखें बैठे हुये वृद्वजनों को वितरण कर देते है जो दिन भर नगर में मांगने के बाद भी शाम को अपनी भूख नही मिटा पाते है। इस बात की सच्चाई रेल्वे स्टेशन के पास उस समय देखने मिली जब विशाल सिंह ठाकुर को अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर रोटी सब्जी को पेपर की रद्दी के टुकडो में बंडल बनाते हुये देखते हुये जब उनसे चर्चा की गई तो ठाकुर द्वारा हरिभूमि से अपनी चर्चा के दौरान बताया कि उनके द्वारा लोगों के घरों में शाम के वक्त पहुंचकर शेष बचा हुआ भोजन मांगते हुये एकत्र करने का कार्य करते है और जब भोजन एकत्र हो जाता है तो उनके बिन्डल बनाने के बाद रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में भूखे बैठे हुये वृद्वजनों को वितरण करते है यह कार्य उनके द्वारा बीते हुये 10 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। वही इस समाज सेवा की दसवी वर्षगांठ यानि की 28 दिसम्बर को उत्सव के रूप में मनाते हुये ठाकुर द्वारा स्टेशन क्षेत्र में मौजूद अनेक वृद्वजनों को भर पेट भोजन कराने के साथ साथ वहां मौजूद दर्जनों वृद्वजनों को ठंड से बचने के लिये कम्बल व मौजे भी वितरित किये गये तथा रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ कराते हुये विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही इस संबंध में ठाकुर का कहना है कि इस प्रकार से भूखे बैठे हुये वृद्वजनों का पेट भरने से उनके मन को बडी शांति मिलती है, जिसके चलते उनके द्वारा प्रतिदिन शाम के वक्त लोगों के घरों में पहुंचकर एक एक दो दो रोटी व सब्जी मांगते हुये एकत्र की जाती है और वह भूखे बैठे हुये वृद्वजनों को वितरण कर देते है। विशाल ठाकुर का कहना है कि उनकी यह सेवा न सिद्वि के लिये करते है और न ही प्रसिद्वि के लिये करते है। राम रोटी सेवा मन की संतुष्टि के करते है। न राज के लिये करते है, न ताज के लिये करते है। राम रोटी सेवा जरूरतमन्द समाज के लिये करते है। न मान के लिये करते है और न ही सम्मान के लिये करते है। राम रोटी सेवा दुखयान के लिये करते है। इस राम रोटी में न कोई पद है, न कोई पदाधिकारी है। राम रोटी सेवा में सब समान सेवाधारी है। न मजहब देखकर करते है, न धर्म देखकर करते है। राम रोटी सेवा मानव मात्र समझकर करते है, न केवल दी दुखियों की पीड़ा करते है। राम रोटी सेवा मूक पशुओं की सेवा भी प्राण प्रण के साथ करती है। इस तरह विशाल राम रोटी की दसवी वर्षगांठ पर आयोजित भंडारे के दौरान नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर जहां विशाल ठाकुर को बधाई देते हुये प्रसादी ग्रहण की गई।

## नगर में जहां तहां लगे अवैध होडिग्स लगा रहे शहर की सुन्दरता को ग्रहण, मा. न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हो पा रही कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस समय देखा जा रहा है कि जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में विकास की गंगा बहाते हुए नगर की सुन्दर बनाने में लगे हुए है। मगर वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते होडिग्स लगाते हुए नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है..? जबकि गौर किया जावे तो विगत कुछ समय पूर्व मा. उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार से शहरों में जहां तहां लगे हुए होडिग्स पर नपा प्रशासन को आदेश देते हुए कार्यवाही किये जाने का आदेश जारी किया गया था, जिसके चलते शुरूआती तौर पर तो नपा प्रशासन द्वारा नगर में जहां तहां लगे हुए होडिग्सों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटा दिया गया था। मगर चंद दिनों बात पुनः देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा उन्ही स्थानों पर फिर अपने होडिग्स खड़े कर दिये गये है। जिसके चलते जहां नगर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है। वही देखा जावे तो नगर की सड़कों के किनारे नियम विरूद्व लगे हुए होडिग्सों के चलते आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन रहे है। अनेक जगहों पर लगे हुए बड़े बडे होडिग्सों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सड़कों पर यह सामने दिखाई देने वाली जगह को इस प्रकार से घेर लेते है कि वाहन चालक को सामने से आने वाला



वाहन ही दिखाई नही देते है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित होने से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर में जहां तहां खड़े हुए अवैध होडिग्स को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए तो मजबूर होना ही पड़ रहा है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर जहां मन में आता है वहां पर होडिग्स लगाते हुए किराया तक बसूला जा रहा है जिसके चलते नगर की सुन्दरता बिगड़ रहे है। जबकि बताया जाता है कि कही पर होडिग्स लगाने के लिए नियमानुसार नपा से अनुमति ली जाती है। जिसके चलते नगर पालिका द्वारा उस जगह के लिये निर्धारित किया जाता है कि जहां पर आने जाने वाले लोगों को किसी तरह से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े और नगर की सुन्दरता बनी रही। मगर इस समय नगर में लोगों के मन में जहां जैसा आता है वहां पर अपने होडिंग खडे करने से नही चूक रहे है। अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि बगैर अनुमति के जहां तहां होडिग्स खड़े हुए है। वही दूसरी ओर यदि नपा प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गौर किया जावे तो इस ओर नपा द्वारा भी किसी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अवैध होडिग्स की भरमार देखने मिल रही है। इस प्रकार से नगर में लगे हुए अवैध होडिग्सों को लेकर जहां नपा द्वारा भी मा. न्यायालय के आदेश को दर किनार करते हुए चुप्पी साधी जाना चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है...? वही दूसरी ओर लोगों द्वारा भी अपने निजी स्वार्थो के चलते नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मुड़िया खुर्द में जल संरक्षण की अनुकरणीय पहल, पीपरनाला पर 25 बोरी बंधान कार्य सम्पन्न

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड डिंडौरी द्वारा संचालित जल संचय अभियान के तहत ग्राम मुड़िया खुर्द में जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की गई। नवांकुर संस्था सूर्यांश जन कल्याण समिति भैंसलगान, जनजीवन कल्याण समिति बिछिया एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुड़िया खुर्द के सहयोग से पीपरनाला पर श्रमदान के माध्यम से 25 बोरियों का बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। ठाकुरदेव पहाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला यह नाला आगे चलकर नर्मदा नदी में मिल जाता है। बोरी बंधान से सतही जल का संचय बढ़ेगा, आसपास के खेतों में नमी बनी रहेगी तथा भविष्य में वर्षा आधारित जल संकट से राहत मिलने की संभावना है। इस प्रयास से भूमिगत जलस्तर में वृद्धि के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूत की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से गौरीशंकर बर्मन, अजय ठाकुर, रामकिशोर एवं फागुलाल धुर्वे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से भगवान सिंह धुर्वे, हिरेंद्र सिंह मरकाम, हमेंद्र सिंह मरावी, मोबिलाइजर अशोक कुमार धुर्वे, रोजगार सहायक महेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।अभियान के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचय को लेकर सामूहिक रूप से शपथ ली। जन अभियान परिषद द्वारा संचालित यह पहल ग्राम स्तर पर जल संसाधनों के संरक्षण और जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी और प्रशंसनीय कदम मानी जा रही है।

### 31वां अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**अमरकंटक।** धार्मिक एवं तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम में चल रहे 31वां अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव 25 के पंचम दिवस कल्याण सेवा आश्रम के प्रमुख संत परम तपस्वी वीतराग बाबा कल्याण दास जी महाराज ने हावड़ा कोलकाता से भक्त श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पतित पावनी पुण्य मां नर्मदा में इतनी शक्ति है कि वह सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली परामंबा जगत जननी मां नर्मदा मोक्षदाययनी है मां नर्मदा नदी का ही परिक्रमा की जाती है वर्ष भर भक्त श्रद्धालु नर्मदा तट पर रहकर जलपान कर नर्मदा नाम संकीर्तन करते हुए परिक्रमा करते रहते हैं इस दौरान एक बार मां नर्मदा उन्हें दर्शन देती हैं पतित पावनी मां गंगा में जो स्नान का महत्व है वही महत्व मां नर्मदा जी के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है आप सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि मां नर्मदा जी के तट पर श्रीमद् भागवत कथा का रस पान कर रहे हैं आप सभी के मनोकामनाओं को पूर्ण करें आप सभी उत्तरोत्तर प्रगति करें दिन दूना रात चौगुन बरकत हो सभी बाधाएं ईश्वर मां नर्मदा जी दूर करें।

# जनसुनवाई में 69 आवेदनों पर सुनवाई, त्वरित निराकरण

**कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 69 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



शेष आवेदनों पर समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम बर्रई (पोस्ट धमनी) से आए दिव्यांग नागरिक श्री चिरौंजी दास बघेल ने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का आवेदन किया। कलेक्टर के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें तत्काल ट्राई साइकिल प्रदान की गई, जिससे आवेदक के चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी।ग्राम शीतलपानी के एक बैगा परिवार के सदस्य ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आवास का लाभ न मिलने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं प्राथमिक शाला झुरकीटोला की रसोइया श्रीमती द्रौपती राठौर ने आवेदन देकर बताया कि लिखित अवकाश देने के बावजूद उन्हें षड्यंत्रपूर्वक सेवा से पृथक कर दिया गया है। उन्होंने पुनः सेवा में रखे जाने की मांग की।

इसके अलावा ग्राम आमडोंगरी निवासी बिगारी पिता छरकु ने लगभग 25 वर्षों से कब्जे में रही शासकीय भूमि पर पट्टा एवं ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वे उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं और शासन द्वारा निर्धारित शुल्क भी जमा कर चुके हैं।समनापुर विकासखंड के ग्राम खाम्ही निवासी शिवराज मरावी ने अपनी दिवंगत पत्नी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्व. श्रीमती शकुन्तला मरावी की मृत्यु के पश्चात जनश्री बीमा योजना की राशि अब तक प्राप्त न होने की शिकायत दर्ज कराई और शीघ्र भुगतान की मांग की। वहीं ग्राम प्रेमपुर निवासी श्री लच्छु सिंह ने पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास की किस्त पर लगे स्टे को हटवाकर शेष राशि जारी कराने की मांग की।कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार जांच कर त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## एसडीएम शहपुरा ने जनसुनवाई कर सुनीं नागरिकों की समस्याएं, 12 आवेदन प्राप्त

शहपुरा।

एसडीएम शहपुरा आईएएस ऐश्वर्य वर्मा की अध्यक्षता में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभाग प्रमुखों को समय-सीमा निर्धारित कर समाधान हेतु भेजा गया।जनसुनवाई के दौरान नगर परिषद शहपुरा निवासी दिनेश साहू ने मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। इसके अलावा अवैध उत्खनन, शासकीय नलकूप में मोटर स्थापना सहित अन्य जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। एसडीएम ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में एसडीओपी अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना सिंह राठौर, बीईओ एम.के. राय, जेएसओ जयंत असराटी, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह, उद्यानिकी अधिकारी मोसम मरकाम, जेई कमल सिंह उईके, एसडीओ नहर करन सिंह, एसडीओ बांध सी.बी. थौरे, एसडीओ पीएचई गगन कुम्हरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दस्तावेजों से छेड़छाड़ व दबाव बनाने की शिकायत, रजिस्टर सील करने की मांग

# आयुष्मान योजना में अनियमितताओं के आरोप

डिंडौरी।

जिले के शहपुरा विकासखंड में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के वितरण को लेकर उठे विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। अनियमितताओं एवं संभावित फर्जीवाड़े के आरोपों के बीच जिला प्रशासन ने मामले की जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया है। कलेक्टर द्वारा पूर्व में जांच के निर्देश दिए जाने के बाद अब एक और शिकायत सामने आई है, जिसके आधार पर चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।कस्तूरी पिपरिया के चिकित्सा अधिकारी दिलेश्वर सिंह मार्को ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा को शिकायत सौंपते हुए दस्तावेजों में छेड़छाड़ और अधीनस्थ कर्मचारियों पर दबाव बनाए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार 17 दिसंबर 2025 को खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयोजित बैठक में सिस्टरों एवं अन्य कर्मचारियों पर आयुष्मान प्रोत्साहन राशि से जुड़े मामलों को "मैनेज" करने का दबाव बनाया गया। आरोप है कि कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि यदि मीडिया द्वारा पूछताछ की जाए तो वे प्रोत्साहन



राशि के वितरण से संतुष्ट होने का बयान दें। शिकायतकर्ता ने बैठक की ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने का भी दावा किया है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अधीनस्थ कर्मचारियों से कथित रूप से डराकर ऐसे लिखित पत्रों पर हस्ताक्षर कराए गए, जिनमें प्रोत्साहन राशि के वितरण पर संतुष्टि दर्शाई गई है। इसके साथ ही आयुष्मान योजना से संबंधित शासकीय रजिस्टरों एवं अभिलेखों में निरंतर छेड़छाड़ किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी शहपुरा ब्लॉक के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एसडीएम एवं कलेक्टर को शिकायत देकर खंड चिकित्सा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए थे। कर्मचारियों का कहना था कि बीते तीन वर्षों में अपेक्षाकृत कम चिकित्सकीय सेवाएं देने के बावजूद संबंधित अधिकारी को अन्य चिकित्सकों की तुलना में कई गुना अधिक प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई। आरोपों में ड्यूटी रोस्टर में नाम दर्ज न होने, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के अभाव में स्वयं को विशेषज्ञ दर्शाने, मातृत्व अवकाश के दौरान भुगतान, लंबे समय से सेवा न देने वाले कर्मचारियों को राशि दिए जाने तथा स्थानांतरण के बाद भी भुगतान जारी रहने जैसे बिंदु शामिल हैं।ताजा शिकायत में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान पंजीयन रजिस्टर, आईपीडी जनरल वार्ड रजिस्टर, लेबर रूम अटेंडेंस रजिस्टर, लेबर रूम एवं एनबीएसयू भर्ती पर्चियों सहित वर्ष 2020 से अक्टूबर 2025 तक के अभिलेखों को तत्काल सील करने की मांग की गई है।प्रारंभिक जांच के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा करेंगे। समिति में एसडीएम शहपुरा, जिला पेंशन अधिकारी, जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी एवं जिला आयुष्मान समन्वयक को सदस्य बनाया गया है।प्रशासन ने समिति को सात दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार को गंभीरता से लिया जाएगा और दोष सिद्ध होने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में एनआरएलएम की समीक्षा बैठक, शहद प्रसंस्करण इकाई पर मंथन



डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित स्व-सहायता समूहों की दीदियों एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शहद प्रसंस्करण इकाई की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि करना, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना, रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकना तथा स्थानीय स्तर पर एक सशक्त और पहचान योग्य ब्रांड विकसित करना है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल जिले के विभिन्न विकासखंडों में मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।बैठक में आकांक्षी विकासखंड करंजिया के मोबेलाइजर श्री हरीश ने बताया कि मधुमक्खी पालन इकाइयों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें अच्छी आय के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। वहीं उद्यमी एवं मार्केटिंग विशेषज्ञ श्री रोशन निराला ने कहा कि बड़े महानगरों में शुद्ध शहद की मांग अधिक है, जबकि डिंडौरी का वन एवं पहाड़ी क्षेत्र मधुमक्खी पालन के लिए अत्यंत अनुकूल है।

इस अवसर पर बजाग, करंजिया, मेंहदवानी एवं शहपुरा विकासखंड के एनआरएलएम प्रबंधकों ने भी अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। इसके पश्चात कलेक्टर ने एनआरएलएम प्रबंधकों, मोबेलाइजरों, उद्यमियों एवं सेल्समैन के साथ शहद प्रसंस्करण इकाई की लागत, लाभ, खर्च, कच्चे माल की उपलब्धता एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड से 10-10 स्व-सहायता समूहों का चयन कर समूह सदस्यों से संबंधित समस्त जानकारी—जैसे भूमिका, शिक्षा, ग्राम पंचायत, मोहल्ला/टोला, कृषि, मजदूरी, व्यवसाय, फसल चक्र तथा आयवृद्धि के साधनों का विवरण—10 जनवरी तक संकलित कर प्रस्तुत किया जाए।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, डीएफओ पुनीत सोनकर, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित एनआरएलएम के अधिकारी, उद्यमी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानिकपुर में 33/11 केवी सबस्टेशन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरित

**डिंडौरी।** जिले के विकास एवं आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विकासखंड शहपुरा के ग्राम मानिकपुर में 33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन (पावर हाउस) निर्माण के लिए आवश्यक भूमि हस्तांतरित करने की कार्रवाई की है। म.प्र. शासन के निर्देशानुसार ग्राम मानिकपुर स्थित खसरा क्रमांक 553, रकबा 0.40 हेक्टेयर भूमि को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, शहपुरा के सहायक अभियंता (संचालन/संधारण) कार्यालय के नाम हस्तांतरित किया गया है।सबस्टेशन के निर्माण से शहपुरा एवं डिंडौरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ होगी। इससे किसानों को खेती कार्य, विद्युत पंपों के संचालन, चक्की, राइस मिल, ऑयल मिल तथा स्वरोजगार से जुड़ी इकाइयों के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।हस्तांतरित भूमि का उपयोग केवल निर्धारित प्रयोजन, अर्थात सबस्टेशन निर्माण के लिए ही किया जाएगा। निर्धारित समय-सीमा में यदि भूमि का उपयोग नहीं किया गया, तो शासन द्वारा उक्त भूमि वापस लिए जाने का प्रावधान रहेगा।निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित विभाग को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं स्थानीय निकाय से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्माण के दौरान मार्ग विस्तार हेतु निर्धारित भूमि छोड़ते हुए कार्य किया जाएगा तथा आवश्यक नाली निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से हस्तांतरित भूमि के चारों ओर एवं मार्ग किनारे वृक्षारोपण किया जाएगा और वृक्षों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय अपनाए जाएंगे। शासन के प्रतिनिधि एवं अधिकृत अधिकारी भूमि के उपयोग एवं शर्तों के पालन की जांच के लिए किसी भी समय निरीक्षण कर सकेंगे।

# स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, जिला उपयंत्री सहित निर्माणकारी एजेंसियों एवं निविदाकारों ने सहभागिता की।बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने जिले में चल रहे समस्त निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी



स्तर पर समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य के हस्तांतरण से पूर्व संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। उप स्वास्थ्य केंद्र पाटनगढ़ के निर्माण को लेकर ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए एक समिति गठित की, जिसमें कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को शामिल किया गया है। समिति निर्माणाधीन कार्यों का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि उप स्वास्थ्य केंद्र पाटनगढ़ का निर्माण स्वीकृत डीपीआर के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि निर्माण कार्य में लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो जिम्मेदारों के विरुद्ध वसूली सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संभाग जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा, क्षेत्रीय संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती आशा सिंह सोलंकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी तथा प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप



कछवाहा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में 1 अप्रैल 2025 से नवंबर 2025 तक स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एएनसी सेवाएं, एनीमिया प्रबंधन, पीआईएच, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, पोषण पुनर्वास केंद्र, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन तथा आयुष्मान कार्ड कार्यक्रम की स्थिति पर चर्चा की गई।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएं।बैठक में विकासखंड स्तर के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम, बीईई, सीडीपीओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने बरमान घाट की दीवारों में बनाए आकर्षक चित्र



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में बरमान कला महोत्सव के अंतर्गत जिले के महाविद्यालय एवं स्कूलों के विद्यार्थियों ने बरमान घाट की दीवारों में आकर्षक चित्र बनाएं। इस कार्य के लिए डॉ. यतीन्द्र महोबे को समन्वयक बनाया गया है, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा यह चित्र बनाए जा रहे हैं। विद्यार्थियों ने स्वच्छता, नदियों की सफाई, घाट, मेला, साधु-संत आदि विषयों पर सुंदर व आकर्षक चित्र बनाए।

### कलेक्टर ने 25 क्षय रोगियों को फूड बास्केट का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला चिकित्सालय में मंगलवार को 25 क्षय रोगियों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट का वितरण किया। उन्होंने क्षय रोग के नियंत्रण के लिए संतुलित आहार विशेषकर फूड बास्केट को नियमित रूप से लेने के लिए कहा। साथ ही दवाईयां व जांच समय- समय पर कराने की सलाह दी। निक्षय अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य क्षय रोग (टीवी) रोगियों को पोषण सहायता प्रदान करना है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नरसिंहपुर महाप्रबंधक पंकज सिंह पटेल, सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चैधरी, जिला टीवी नियंत्रण अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### 30 दिसम्बर तक समर्थन मूल्य पर 6 हजार 125 किसानों से 5 लाख 52 हजार 951 क्विंटल धान की हुइ खरीदी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि खरीफ उपार्जन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन का कार्य 20 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। जिलें में धान उपार्जन के लिए 46 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में 16 हजार 397 किसानों ने धान और 22 किसानों ने ज्वार विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया था। उन्होंने बताया कि ज्वार का उपार्जन 25 दिसम्बर तक पूर्ण किया जा चुका है। जिले के 19 किसानों से एक हजार 146 क्विंटल ज्वार समर्थन मूल्य पर खरीदी गयी है। सभी 19 किसानों का 42.40 लाख रुपये का भुगतान उनके बैंक खाते में ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इसी तरह समर्थन मूल्य पर 6 हजार 125 किसानों से 5 लाख 52 हजार 951 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है। जिले के 5 हजार एक किसानों का 82.59 करोड़ रूपये का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों के बैंक खातें में ऑनलाइन किया गया है।

### दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत किया जा रहा भौतिक सत्यापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पशुपालकों की समृद्धि के लिए चलाए जा रहे दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण के तहत जिले में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया और उनकी टीम द्वारा प्रत्येक विकासखंड में सघन दौरा कर भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

## जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने की मांग

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नरसिंह भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया

### कांग्रेस ने दी चेतावनी 5 जनवरी तक कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन आंदोलन करेगी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरमान रेत घाट पर जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश एवं एक कर्मचारी द्वारा एक बुजुर्ग और एक युवा के साथ अभद्रता, गाली गलौज एवं मारपीट किए जाने की घटना को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने नरसिंह भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने की मांग की। चेतावनी दी कि 5 जनवरी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस धरना प्रदर्शन आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि अफसोस का विषय है कि अधिकारी तानाशाही कर रहे हैं अभद्रता करने वाले उच्च अधिकारी का आचरण बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि रेत घाट की घटना किसी जाति वर्ग विशेष से नही देखी जा सकती बल्कि यह आम आदमी के अपमान का मामला है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि जिले के कई अधिकारियों के तानाशाही रवैये से आम आदमी अपमानित होता है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने कहा कि लगातार इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं जिले में अराजकता का माहौल है। वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पटेल ने कहा कि दो मंत्रियों की गुटबाजी के कारण अधिकारी मनमर्जी से चल रहे हैं यदि जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई नही की गई तो 5 जनवरी के बाद कांग्रेस आंदोलन करेगी। उक्त मौके पर दीवान शैलेंद्र सिंह, डॉ. संजीव चांदोरकर , चंद्रशेखर साहू, संतोष पटेल, महेंद्र पटेल, मनीष साहू, धनीराम पटेल, रामरतन पटेल , छोटे राजा भैया कौरव, दिग्विजय सिंह, लखन पटेल, जिनेश जैन, ओम प्रकाश पटेल, कंछेदी पटेल , मनीष भिंडवार, बाबी खान, आशीष राजवैध, मुकेश कटारे, राजेंद्र नेमा, विजय आजाद, अतुल चैरसिया, प्रताप गुमास्ता, देवेंद्र शुक्ला, रोहित पटेल, मनीष कौरव, विवेक पटेल, ईशान राय, अरविंद पटेल, राहुल ठाकुर, शिवम पाठक, अंकुर बटरी , हरि सिंग, सोनू प्रजापति, रफीउद्दीन, संजय राजपूत, गोपाल जैसाठी, रमाकांत नामदेव , गणेश ताम्रकार, रामसाह कौरव , गोपाल मरेले, महेंद्र चैहान, मोनू यादव, अमन श्रीवास्तव, देवांश श्रीवास्तव, प्रभात तिवारी, अनुज कौरव, जीतू रघुवंशी, अंकुर बाटली आदि ने भी जिला पंचायत सीईओ के घोर आपत्तिजनक आचरण की निंदा की। वही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बरमान रेत घाट पर कैलाश चंद्र मिश्रा एवं अन्य व्यक्तियों के साथ जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश एवं सहकर्मी पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार, गाली गलौज एवं मारपीट की गई। अधिकारी द्वारा एक बुर्जुग ब्राम्हण को अपमानजनक शब्द कहे गए, उन्हें धमकी दी गई कि रेत में गाड़ दूंगा तथा दंड बैठक (उठक बठक) लगवाई गई। इसके अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति के साथ भी मारपीट की गई। जो अत्यंत निंदनीय एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। जिला पंचायत सीईओ के विरुद्ध यदि ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।



## क्रिकेट टूर्नामेंट में वाणिज्य संकाय बना विजेता



### एम.आई.एम.टी. कॉलेज का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा 'आरोहण' इंटर डिपार्टमेन्ट क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2025 का फाइनल मुकाबला महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय एवं शिक्षा संकाय के मध्य खेला गया। मैच के समापन एवं पुरस्कार वितरण सत्र का आयोजन डॉ. आलोक तिवारी प्राध्यापक के मुख्य आतिथ्य, इंजी रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज की अध्यक्षता एवं डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया। डॉ. आलोक तिवारी ने अपने उद्बोधन में खेल गतिविधियों को सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी. रूद्रेष तिवारी ने टूर्नामेन्ट की प्रषंसा करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं प्रेषित की। डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने स्वागत उद्बोधन में आरोहण इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मैच में शिक्षा संकाय की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया एवं निर्धारित 10 ओवर में 74 रन 10 विकेट खोकर बनाये। 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वाणिज्य संकाय की टीम ने 8.3 ओवर में 06 विकेट खोकर 76 रन बनाकर 04 विकेट से जीत हासिल की। उक्त अवसर पर टूर्नामेंट संयोजक डॉ. एस.एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, दोनों ही टीम के कोच, मैनेजर दीपिका शर्मा एवं जी.डी. उमरे तथा सुश्री विजेता सिधना, आयोजन समिति के सदस्य लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रसून नेमा, हेमराज सेन, विवेक जोशी, पवन कुशवाहा एवं शिव कुमार मेहरा सहित बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रहीं। ये हुए पुरस्कृत - पुरस्कार वितरण सत्र के अतिथियों द्वारा टूर्नामेन्ट के विजेता के रूप वाणिज्य संकाय के खिलाड़ियों को एवं उपविजेता के रूप में शिक्षा संकाय के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। टूर्नामेंट के बेस्ट फील्डर मो. एजाज खान, बेस्ट बॉलर तौकीर मंसूरी, बेस्ट बैट्समैन सत्यम दुबे तथा फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अंश पाण्डेय को तथा प्रत्येक मैच के मेन ऑफ द मैच हेतु राजुल पटेल, अमित सेन, रोहित सेन को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। टूर्नामेंट के दौरान स्कोरिंग हेतु अथर्व नेमा तथा कामेंट्रेटर के रूप में प्रभात ठाकुर को पुरस्कृत किया गया।

## पंचायतों में श्मशान घाट में पक्की सड़क व फेसिंग की सुविधा सुनिशिचत की जाएगी- मंत्री श्री पटेल



### जनपद पंचायत चांवरपाठा और करेली में अटल सुशासन भवन का भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को जनपद पंचायत चांवरपाठा व करेली में अटल सुशासन भवन जनपद पंचायत का भूमिपूजन किया। उन्होंने जनपद पंचायत चांवरपाठा में नर्मदा स्वसहायता समूह को दस लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर सांसद चै. दर्शन सिंह, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, अन्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि सरकार ने 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को सामुदायिक भवन बनाने का काम किया है, जिससे ग्रामीणजन शादी जैसे अन्य कार्य सुगमता से कर सकें। ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया जाता है, तो उसकी देखरेख का जिम्मा भी उठाया जाए। प्रदेश के जनपद पंचायतों में 106 जनपद पंचायतों का निर्माण अटल सुशासन भवन के रूप में किया जाएगा। सांसद ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। सरकार विकास के कार्य में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगी। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के परिणाम स्वरूप प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## राज्य स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



### मातृशक्ति को समर्पित रहा प्रतियोगिता का तृतीय दिवस

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा राज्य स्तरीय जोनल सीनियर वर्ग व्हालीबॉल प्रतियोगिता के तृतीय दिवस का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में शनिवार को किया। यहां प्रदेश स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल के विभिन्न क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों में खेल के प्रति समर्पण का भाव देखा जा रहा है। महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी से यह सिद्ध होता है आज हर क्षेत्र में नारी शक्ति आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय महिला कबड्डी का फाइनल एसकेएमजी गोटेगांव, पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के बीच खेला गया। इस मैच में विजेता टीम को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ऋतु जैन एवं सीमा गुप्ता और आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चैकसे ने व्यक्त किया।

## आगामी नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आगामी नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए नरसिंहपुर पुलिस द्वारा दो दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्यवाही की जाएगी। जिले के प्रमुख चैराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर फिक्स प्वाइंट लगाए गए हैं तथा इनके साथ-साथ पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जा रही है। नशे की हालत में वाहन चलाने, तेज गति, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग एवं अन्य यातायात उल्लंघनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नववर्ष एवं सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नशे में वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने तथा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### 'धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग

नववर्ष एवं आगामी आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए नरसिंहपुर जिले के सभी धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों, गुरुद्वारों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर सघन जांच की जा रही है।

### होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक

कानून-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले के होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्हें शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से होटल एवं ढाबा परिसरों में अवैध गतिविधियों, नशाखोरी, अनैतिक कृत्यों एवं शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कहा गया है। सीसीटीवी कैमरे, आगंतुकों का विवरण संधारण, निर्धारित समय-सीमा का पालन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

'शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर रू'

आगामी नववर्ष 2026 के दौरान जिले में आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग एवं भ्रमण किया जा रहा है। पुलिस टीमों को सक्रिय कर असामाजिक तत्वों एवं गुण्डा बदमाशों पर सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग की स्थिति को समय रहते रोका जा सके।

## 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एक जनवरी से

**तेंदूखेड़ा। वन्दनीया माताजी की जन्मशताब्दी पूज्य गुरुदेव के द्वारा प्रज्वलित अखण्ड दीप की सौ वर्ष पूर्ण होने वाले वर्ष 2026 को गायत्री परिवार द्वारा विशेष वर्ष के रूप में मनाये जाने का संकल्प लिया है। सबके जीवन में यह अद्भुत संयोग सौभाग्य बनकर आया है जब युग ऋषि परम पूज्य गुरुदेव वन्दनीया माताजी का संदेश वेदमाता गायत्री देवी को जन जन तक पहुँचाने का सौभाग्य अवसर प्राप्त हो रहा है।**

इसी तारतम्य में तहसील तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले पुण्य सलिला माँ नर्मदा की गोद में बसे ग्राम झिरी बारह घाट में एक जनवरी से तीन जनवरी के बीच 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 1 जनवरी को दोपहर 1 बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। तथा 2 और 3 जनवरी को यज्ञ के माध्यम से विविध आयोजन होंगे संस्कारों की दीक्षा दिलाई जाएगी। वरिष्ठ परिजन वृन्दावन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात काल से ही योग के माध्यम से जीवन-यापन के तौर-तरीकों यज्ञ अनुष्ठान में आहुतियों के महत्व दोपहर में प्रवचनों के माध्यम से जीवन को सात्विक बनाने विचारों के माध्यम से हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की परिकल्पना को साकार करने अमृत ज्ञान विद्वान प्रज्ञा पंडितों द्वारा दिया जायेगा।इसी श्रंखला के चलते आगामी 5 जनवरी से ग्राम नरसरा में संयुक्त 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न होगा ।

## कैसे रंगे जाते हैं धागे और धागों से कैसे बनता है कपड़ा





### छात्राओं ने हथकरधा केंद्र पर जाकर देखा

**तेंदूखेड़ा ।** शासन की योजना अनुसार बच्चों को प्राकृतिक रमणीय औद्योगिक व्यापारिक प्रशिक्षण केंद्रों पर ले जाकर उन्हें अनुभव कराया जाता है जिससे बच्चे आगे जाकर इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन सकें।इसी श्रंखला के चलते विगत दिनों शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय की आई टी एवं ब्यूटी वेलनेस ट्रेड की छात्राओं ने रायसेन जिले के देवरी में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवरी तथा सागर जिले के अंतर्गत शीतल हथकरघा और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में जाकर विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थी किस तरह से अनुभव ज्ञान ले रहें हैं। विभिन्न मशीनरियों में उन्हें किस तरह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उसके बारे व्यवहारिक ज्ञान साझा किया गया। आगे जाकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में स्वयं का उद्योग स्थापित करने में क्या मदद मिलेगी और नौकरी क्षेत्रों में किन किन क्षेत्रों में जा सकते हैं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।इतना ही नहीं जिस धागों से बनें हुए रंगीन कपड़े हम पहनते हैं वे कैसे बनते हैं।धागा कैसे बनता है कपास रुई कहां से उपलब्ध होती है।धागे को कैसे रंगा जाता है की जानकारी छात्राओं को उपलब्ध कराई गई। संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी छात्राओं को उन सभी छोटी छोटी सी व्यवहारिक जानकारियां भी उपलब्ध कराई गई जिनसे छात्रायें अनभिज्ञ बनीं हुई थी।इस भ्रमण में व्यवसायिक शिक्षिका निधी जैन प्रिया भैरम भी साथ रही और उचित मार्गदर्शन किया। छात्राओं में उत्साह पूर्वक जानकारी ली। और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।